बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी
(सामान्य प्रशासन विभाग)

आई.टी. प्रबंधक के संविदात्मक पद पर नियोजन हेतु पैनल निर्माण से संबंधित आवश्यक सूचना।

बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी के अधीन संचालित सूचना एवं प्रावैधिकी से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं के क्रियान्वयन एवं पर्यवेक्षण में सहायता के उद्देश्य से सचिवालय के विभिन्न विभागों, विभिन्न जिलों एवं कार्यालयों में आवश्यकता आधारित रिक्त पदों पर आई०टी० प्रबंधक के संविदात्मक पद हेतु पैनल निर्माण के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

उक्त हेतु B.Tech.(Computer Science / IT)/ B.E.(Computer Science / IT) / MCA from any Government recognized University / Institute approved by AICTE योग्यताधारी अभ्यर्थियों से Online आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

चयन का आधार Valid Gate Score (Computer Science and Information Technology) **2019/2020/2021** (जो अधिकतम स्कोर हो) होगा। विस्तृत जानकारी बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी के **Website-** ***http://bpsm.bihar.gov.in*** पर देखी जा सकती है।

आवेदन दिनांक–26.08.2021 से बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी के **Website-** ***http://bpsm.bihar.gov.in*** पर उपलब्ध रहेगा। आवेदन भरने की अंतिम तिथि दिनांक–15.09.2021 को 23:59 बजे तक निर्धारित है।

मिशन निदेशक
बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी
(सामान्य प्रशासन विभाग)

बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी
(सामान्य प्रशासन विभाग)

आई.टी. प्रबंधक के संविदात्मक पद पर नियोजन हेतु पैनल निर्माण से संबंधित आवश्यक सूचना।

बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी के अधीन संचालित सूचना एवं प्रावैधिकी से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं के क्रियान्वयन एवं पर्यवेक्षण में सहायता के उद्देश्य से आई०टी० प्रबंधक के संविदात्मक पद हेतु पैनल निर्माण के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

इसकी विवरणी निम्नवत हैः—

1. **शैक्षणिक योग्यताः—**
B.Tech.(Computer Science/ IT)/ B.E.(Computer Science/IT)/MCA from any Government recognized University / Institute approved by AICTE.

2. **आयु सीमा :—**

Age	UR (General)	SC	ST	EBC	BC	Female (UR)
Minimum	21	21	21	21	21	21
Maximum	37	42	42	40	40	40

अभ्यार्थियों के उम्र सीमा की गणना दिनांक—**01.01.2021** के आधार पर की जायेगी।
विकलांग अभ्यर्थियों को अधिकतम उम्र सीमा में 10 वर्षों की छुट देय होगी। इस हेतु उन्हें सिविल सर्जन के द्वारा निर्गत 40 प्रतिशत या अधिक विकलांगता का अद्यतन प्रमाण पत्र समर्पित करना होगा।

3. **आरक्षण :—**
बिहार सरकार द्वारा अनुमान्य एवं नियत आरक्षण के सभी प्रावधान लागू होंगे।
ऑनलाईन आवेदन पत्र में इंगित कॉलम में आरक्षण का दावा नहीं करने पर आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा।

4. **मानदेयः—**
पैनल से आई०टी० प्रबंधक के संविदात्मक पद पर नियोजित अभ्यर्थी को मानदेय बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी का पत्रांक—488, दिनांक—07.03.2019 के आलोक में देय होगा, इसके अतिरिक्त कोई भी राशि देय नहीं होगी। भुगतान पर कर्मचारी भविष्य निधि, आयकर एवं अन्य वैधानिक अनुमान्य कटौतियाँ की जाएगी।

5. **नियोजन अवधि :—**
बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी का पत्रांक—436, दिनांक—26.02.2019 के आलोक में बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी अन्तर्गत पैनल से संविदा पर नियोजित एवं कार्यरत आई०टी० प्रबंधकों का नियोजन पूरी तरह अस्थायी है तथा योजना अवधि समाप्ति अथवा 60 वर्ष की आयु, जो पहले लागू हो, तक के लिये है। संविदात्मक नियोजन की राज्य सरकार की अन्य शर्तें और नियम भी लागू होंगे।

6. **चयन का आधार :—**
चयन का आधार **2019/2020/2021** (जो अधिकतम स्कोर हो) का Valid Gate Score (Computer Science and Information Technology), होगा।

7. **आवेदन पत्र भरने की प्रक्रियाः—**
आवेदन मिशन के वेबसाईट ***http://bpsm.bihar.gov.in*** पर उपलब्ध रहेगा, जिसे ***Online*** भरा जाएगा। आवेदक को आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर अपना अद्यतन फोटो एवं वांछित कागजात अपलोड करना होगा। आवेदन पत्र में वर्णित सभी कागजातों/दस्तावेजों की मूल प्रति काउन्सेलिंग के समय प्रस्तुत करना होगा।

8. ***Online* आवेदन भरने की प्रक्रिया दिनांक–26.08.2021 से प्रारम्भ होगी एवं इसकी अंतिम तिथि–15.09.2021 के 23:59 बजे तक निर्धारित है।**

9. एक अभ्यर्थी अधिकतम एक ही आवेदन दे सकते हैं। एक से अधिक आवेदन देने पर उनके दावे पर विचार नहीं किया जायेगा।

10. पैनल की वैधता उसके अंतिम प्रकाशन की तिथि से 3 वर्ष की होगी, परन्तु बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी को यह अधिकार होगा कि बिना कोई कारण बताये चयन प्रक्रिया या अंतिम प्रकाशित पैनल को किसी भी समय रद्द कर दे। पैनल में किसी का नाम शामिल हो जाने मात्र से उनके नियोजन की बाध्यता नहीं होगी।

मिशन निदेशक
बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी
(सामान्य प्रशासन विभाग)